Email ID : ee_cd_kaushambi@yahoo.in

# उत्तर प्रदेश जल निगम(ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),

मंझनपुर, कौशाम्बी– 212207

पत्रांक : २१५२ / M – 8 / 51 दिनांक : 14/05/26

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय– **समाचार पत्र ''अमर उजाला'' मे प्रकाशित खबर ''पानी की टंकी से बह रही है मुसीबत, खुदी सड़के बनी परेशानी'' की निस्तारण आख्या के सम्बन्ध में।**

महोदय,

**उपरोक्त विषयक दिनांक 14.05.2026 को समाचार पत्र ''अमर उजाला'' मे प्रकाशित खबर ''पानी की टंकी से बह रही है मुसीबत, खुदी सड़के बनी परेशानी'' के सन्दर्भ में प्रकाशित खबर की आख्या निम्नानुसार हैः–**

**कमदूमपुर ढोकसहा पेयजल योजना–** जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खण्ड– कौशाम्बी के ग्राम– मकदूमपुर ढोकसहा में पेयजल योजना निर्माणाधीन है। योजनान्तर्गत 01 नग नलकूप, 1 नग उच्च जलाशय, 16.224 किमी0 पाइप लाइन व 983 नग हाउस कनेक्शन का कार्य प्रस्तावित है। जिसके सापेक्ष नलकूप बोरिंग का कार्य पूर्ण, उच्च जलाशय का कार्य 90 प्रतिशत तथा 13.403 किमी0 पाइप लाइन बिछाकर, 841 नग हाउस कनेक्शन का कार्य कराया जा चुका है। पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी गयी 04.25 कि0मी0 के सापेक्ष 3.50 कि0मी0 सड़के/गलियों को पुर्नस्थापित करा दिया गया है एवं शेष सड़के/गलियों को आवागमन हेतु मोटरेबल करा दिया गया है। पाइप लाइन ज्वाइंटिग व टेस्टिगं के उपरान्त शेष सड़कों/गलियों को पूर्व की भॉति पुर्नस्थापित करा दिया जायेगा एवं शेष कार्य पूर्ण होने के पश्चात जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी। योजना को माह– मार्च, 2027 तक पूर्ण कराये जाने का लक्ष्य है।

**मोगरी कड़ा पेयजल योजना–** जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खण्ड– सिराथू के ग्राम– मोगंरी कड़ा में पेयजल योजना निर्माणाधीन है। योजनान्तर्गत 01 नग नलकूप, 1 नग उच्च जलाशय, 8600.00 किमी0 पाइप लाइन व 478 नग हाउस कनेक्शन का कार्य प्रस्तावित है। जिसके सापेक्ष नलकूप बोरिंग का कार्य पूर्ण, उच्च जलाशय का कार्य 75 प्रतिशत तथा 8.500 किमी0 पाइप लाइन बिछाकर, 447 नग हाउस कनेक्शन का कार्य कराया जा चुका है। पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी गयी 04.23 कि0मी0 के सापेक्ष 3.90 कि0मी0 सड़के/गलियों को पुर्नस्थापित करा दिया गया है एवं शेष सड़के/गलियों को आवागमन हेतु मोटरेबल करा दिया गया है। पाइप लाइन ज्वाइंटिग व टेस्टिगं के उपरान्त शेष सड़कों/गलियों को पूर्व की भॉति पुर्नस्थापित करा दिया जायेगा एवं शेष कार्य पूर्ण होने के पश्चात जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी। योजना को माह– मार्च, 2027 तक पूर्ण कराये जाने का लक्ष्य है।

आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित।



















भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी महोदय, कौशाम्बी को सादर अवलोकनार्थ।
2. मुख्य विकास अधिकारी, महोदय कौशाम्बी को सादर सूचनार्थ।
3. जिला सूचना अधिकारी कौशाम्बी।
4. सहायक अभियन्ता, जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ प्रेषित की समयान्तर्गत कार्य पूर्ण कराते हुये जलापूर्ति प्रारम्भ कराना सुनिशित करें।
5. मेसर्स बाबा जी0ए0 इन्फ्रा(जे0वी0) को इस निर्देश के साथ प्रेषित की त्वरति गति से समस्त कार्य पूर्ण कराते हुये नियमित क्लोरीनेशन युक्त जलापूर्ति प्रारम्भ करायें।
6. मेसर्स जे0एम0सी0–के0पी0आई0एल0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित की त्वरति गति से समस्त कार्य पूर्ण कराते हुये नियमित क्लोरीनेशन युक्त जलापूर्ति प्रारम्भ करायें।

अधिशासी अभियन्ता

तनत पेड़ सड़कों और संपर्क ... पर गिर गए, जिससे कई ... कों में घंटों आवागमन बाधित ... और जनजीवन प्रभावित हो

... चार पोल गिरने से 50 से अधिक घरों की बिजली गुल हो गई, जबकि कई स्थानों पर तार जमीन पर बिखरे

विभाग की टीमें देर रात तक फॉल्ट दुरुस्त करने में जुटी रहीं। जिन स्थानों पर मामूली नुकसान था, वहां

... क्षतिग्रस्त क्षेत्रों में सुबह तक बिजली बहाली का लक्ष्य रखा गया है।

-श्याम नारायण, अधिशासी अभियंता

निरीक्षण किया। संवाद

अमर उजाला 14-05-2026

# पानी की टंकी से बह रही है मुसीबत, खुदी सड़कें बनीं परेशानी

संवाद न्यूज एजेंसी

**मंझनपुर।** कौशाम्बी ब्लॉक की मकदुमपुर ढोकसहा ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन के तहत बनाई गई पानी की टंकी ग्रामीणों के लिए राहत के बजाय परेशानी का कारण बन गई है। चारों तरफ सड़कों की खुदाई से लोगों का आवागमन भी मुश्किल हो गया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि एक टंकी से चार गांवों में पानी सप्लाई की योजना है, लेकिन कई जगह अब तक पाइपलाइन नहीं डाली गई। टंकी से छोड़ा जा रहा पानी सीधे नाले में बह रहा है। बिना पूरी व्यवस्था किए केवल औपचारिकता निभाई जा रही है।

जहां पाइपलाइन डाली गई है, वहां भी कई स्थानों पर लीकेज की समस्या बनी हुई है, जिससे पानी बर्बाद हो रहा है और कई घरों तक सप्लाई नहीं पहुंच पा रही।

शादी-विवाह के मौसम में गड्ढों और कीचड़ के कारण रिश्तेदारों और ग्रामीणों को गांव में आने-जाने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।



मकदुमपुर ढोकसहा ग्राम पंचायत में बनी पानी की टंकी। संवाद



सड़कों पर पानी बहने से फैली गंदगी। संवाद



पानी की पाइप से सड़कों पर पानी बहने से फैली गंदगी। संवाद



पूरे गांव में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन डाली गई है, लेकिन कहीं पानी पहुंच रहा है और कहीं बिल्कुल नहीं। जहां पानी पहुंच रहा है वहां भी भारी लीकेज है और कई घरों तक सप्लाई नहीं हो पा रही। - अरविंद कुमार



कहीं पानी नहीं है और जहां है वहां गंदगी है। जगह-जगह गड्ढे खोदे होने से लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। कई बार ग्राम प्रधान से शिकायत की गई, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। - इंद्रपाल



गांव के अंदर घुसना तक मुश्किल हो गया है। जगह-जगह गड्ढे खोदे गए हैं, जिससे शादी-विवाह के समय रिश्तेदारों को भारी परेशानी होती है। कभी लोग कीचड़ में गिरते हैं तो कभी गड्ढों में फंस जाते हैं। - दिनेश कुमार

ग्राम पंचायत मकदुमपुर ढोकसहा के लिए टंकी निर्धारित की गई थी, लेकिन जमीन न मिलने के कारण ग्राम पंचायत मंझनपुर को भी इससे जोड़ दिया गया। इसी वजह से पूरा कार्य अधूरा पड़ा है। ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। इसकी शिकायत ग्राम विकास कार्यालय में भी की गई है।-मनीषा देवी, ग्राम प्रधान

ग्राम पंचायत से शिकायत मिली है। इस संबंध में विभाग को पत्र लिखकर नोटिस दी जाएगी। यदि जल्द से जल्द कार्य सुधार नहीं कराया गया तो जवाबदेही जल निगम की होगी।

सुरेश कुमार राय , खंड विकास अधिकारी

## करोड़ों रुपये से तैयार हुई पानी टंकी बनी शोपीस, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



पानी टंकी के लिए प्रदर्शन करते मोगरी कड़ा गांव के लोग। संवाद

**पइंसा।** विकास खंड सिराथू के मोगरी कड़ा मजरा केशवापुर में बुधवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर टंकी से शीघ्र जलापूर्ति शुरू कराने की मांग की।

शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए उत्तर प्रदेश जल निगम की ओर से करोड़ों रुपये की लागत से पानी की टंकी और पाइपलाइन का निर्माण कराया गया था। योजना का उद्देश्य मोगरी कड़ा और केशवापुर गांवों के घरों तक नल से पानी पहुंचाना था, लेकिन आज तक इसका ट्रायल भी नहीं किया गया है।

पाइपलाइन और टंकी लंबे समय से अनुपयोगी पड़े होने के कारण जर्जर होने लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदारों ने परियोजना पर कोई ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों के अनुसार वे अभी भी दूर-दराज से रिक्शा ट्रॉली में पानी लाकर जीवन यापन कर रहे हैं। संवाद

आतंक

अप्रैल में 1612 लोगों को लगे एंटी रेबीज इंजेक्शन

## ...त्तों के काटने से अस्पताल पहुंचे 532 लोग

## गर्मी को देखते हुए तालाबों में तुरंत भरवाया जाए पानी : बीडीओ